फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री सुरेश पालीवाल निवासी नगर पालिका कोलोनी, नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा जिला राजसमन्द
— अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा
— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा— अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 52/2020**

कमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 29.09.2020 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लो0सू0 अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा द्वारा जरिये पत्रांकः— भू.अ./सू.अ./2020/746 दिनांक 25.09.2020 से रिपोर्ट प्रेषित होकर प्राप्त हुई हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा की उक्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में चाही गई सूचना के संबंध में प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक :— भू.अ./सू.अ./2020/526—27 दिनांक 24.07.2020 के जरिये सूचित कर दिया गया जिसमें बता दिया गया कि कौनसी सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिसे वह निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त कर सकता हैं। उक्त पत्र प्रार्थी को प्राप्त हो जाने के बावजूद प्रार्थी द्वारा कभी भी सूचनाओं के संबंध में इस कार्यालय से सम्पर्क नही किया जो सूचनाओं के प्रति प्रार्थी की उदासीनता को दर्शाता हैं। प्रार्थी द्वारा वांछित सूचना में से प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही की सूचना इस कार्यालय में उपलब्ध हैं तथा अवशेष सूचनाओं के संबंध में प्रार्थी को सूचित कर दिया गया हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा के पत्रांक भू.अ./सू.अ./2020/526—27 दिनांक 24.07.2020 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी को सूचित किया जा चुका हैं। उपरोक्त सूचना यदि अपीलार्थी को प्राप्त नही हुई हो तो, अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता हैं कि कार्यालय समय में कार्यालय तहसीलदार नाथद्वारा में उपस्थित होकर अभिलेख पर उपलब्ध आप द्वारा चाही गई वांछित सूचना प्राप्त करें।	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

M

अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नाथद्वारा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द